
# गोस्वामी तुलसीदास जी

## प्रतिमा अनावरण 31 जुलाई 2025



## गोस्वामी तुलसीदास जी

**मुख्य अतिथि**
पूज्य संत मोरारी बापू जी
प्रसिद्ध कथा वाचक

**प्रतिमा अनावरण**
31 जुलाई 2025, श्रावण मास शुक्ल पक्ष सप्तमी
गोस्वामी तुलसीदास परिसर, कृषि विज्ञान केन्द्र,
परमानन्द आश्रम पद्धति विद्यालय,गनीवां
दीनदयाल शोध संस्थान, चित्रकूट
आप सभी सपरिवार सादर आमंत्रित है।

**आमंत्रित-**
पूज्य योगी आदित्यनाथ जी
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

## योजना बैठक



## प्रचार-प्रसार

कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु प्रचार-प्रसार की दृष्टि से जनपद के सम्पूर्ण ग्राम पंचायतों में प्रत्येक परिवार को आमंत्रण पत्र के साथ तुलसीदास जी का साहित्य और कलेण्डर देने का कार्य दीनदयाल शोध संस्थान के कार्यकर्ता पिछले 1 माह से कर रहे हैं। इस संदर्भ में कर्वी, राजापुर, मऊ में वृहद बैठकों का आयोजन भी हुआ है। कार्यक्रम में जन सहभागिता महत्वपूर्ण विषय है, इसलिए ऐसा प्रयास किया गया है कि प्रत्येक ग्रामवासी इसे अपना कार्यक्रम समझे।





# मूर्ति अनावरण पूर्व अखंड श्री रामचरित मानस पाठ एवं हवन






गनीवा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परमानंद आश्रम विद्यालय के बच्चों को चॉकलेट बांटी, मुख्यमंत्री ने बच्चों को चॉकलेट वितरित कर उनका मनोबल बढ़ाया। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। उन्होंने बच्चों से संवाद कर उनका हालचाल भी जाना और शिक्षा के प्रति प्रेरित किया।



प्यारे बच्चों को चाकलेट वितरित करते हुए मा. मुख्यमंत्री जी



**एक पेड़ माँ के नाम अभियान 2.0 – हरश्रृंगार का पौधा रोपित किया**

# प्रतिमा अनावरण



हाथ में मोरपंखी लेकर ताम्रपत्र पर लिखते हुए साढ़े छह फीट की जीवंत स्वरूप में पूज्य तुलसीदास जी की प्रतिमा



# उद्बोधन

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने चित्रकूट की पावन धरती को श्रद्धेय नानाजी देशमुख की कर्मस्थली एवं गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज की जन्मस्थली बताते हुए इसे वेद, पुराण और शास्त्रों में वर्णित एक दिव्य और ऐतिहासिक स्थल कहा। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम ने अपने 14 वर्षों के वनवास काल का सर्वाधिक समय चित्रकूट में माता सीता और लक्ष्मण जी के साथ व्यतीत किया था। यह भूमि न केवल धार्मिक महत्व की है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत समृद्ध है।

मुख्यमंत्री ने संत तुलसीदास जी की जयंती पर श्रद्धेय नानाजी की कर्मस्थली पर लोककल्याणकारी प्रयासों के निरीक्षण का एक सौभाग्यपूर्ण अवसर बताया।



मुख्यमंत्री जी ने बताया कि लालापुर, राजापुर जैसे क्षेत्रों में निरंतर विकास हो रहा है और यमुना तट पर रिवरफ्रंट निर्माण की योजना भी बनाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में कृषि क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन हुए हैं। स्वायल हेल्थ कार्ड योजना, कृषि बीमा योजना और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से किसानों को सीधे लाभ पहुंचा है। इससे सिंचाई का दायरा बढ़ा है और किसान अब तीन-तीन फसलें लेने में सक्षम हो पाए हैं। चित्रकूट में दलहन, तिलहन, मक्का की खेती का विस्तार हुआ है जिससे किसानों की आय में कई गुना वृद्धि हुई है।

बुंदेलखंड की कनेक्टिविटी में भी क्रांतिकारी परिवर्तन हुआ है। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से यह क्षेत्र अब राजधानी दिल्ली से सीधा जुड़ गया है। श्रीराम वन गमन पथ, कामदगिरि परिक्रमा, रोपवे, मंदाकिनी नदी की स्वच्छता जैसे अनेक कार्य यहां तीव्र गति से हो रहे हैं। साथ ही, डिफेंस कॉरिडोर जैसी योजनाएं चित्रकूट को सामरिक दृष्टि से भी मजबूत बना रही हैं।

मुख्यमंत्री जी ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना के लिए श्रद्धेय नानाजी देशमुख के कार्यों की सराहना की और कहा कि नानाजी का दृष्टिकोण व्यवहारिक था, जो स्थानीय समस्याओं का समाधान देने में सक्षम रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि समाज के वंचित तबके के लिए जीने वाले लोग विरले होते हैं। यदि हम भगवान श्रीराम के वनवास काल में सहयोग करने वाले समुदायों को आज उपेक्षित करेंगे, तो हमें प्रभु का आशीर्वाद नहीं मिल सकता।

परमानंद आश्रम पद्धति विद्यालय को कक्षा 10 तक विस्तारित करने की योजना के साथ मुख्यमंत्री जी ने यह आश्वासन दिया कि प्रदेश सरकार और दीनदयाल शोध संस्थान इस दिशा में आवश्यक सहयोग देंगे।

## पूज्य संतों की गरिमामाई उपस्थिति



## विद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति









## प्रदर्शनी का अवलोकन




## पूज्य मोरारी बापू



## भंडार प्रसाद



## कार्यक्रम समीक्षा



आंचलिक
नवभारत 09
सतना, शुक्रवार, 1 अगस्त, 2025



# संत मोरारी बापू व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोस्वामी तुलसीदास की प्रतिमा का किया अनावरण

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 31 जुलाई, दीनदयाल शोध संस्थान, कृषि विज्ञान केन्द्र गनीवां में गोस्वामी तुलसीदास जी जयंती श्रावण मास शुक्ल पक्ष सप्तमी के अवसर पर तुलसीदास परिसर कृषि विज्ञान केंद्र गनीवां में पूज्यपाद गोस्वामी तुलसीदास जी की प्रतिमा का अनावरण मानस मर्मज्ञ पूज्य संत मोरारी बापू एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ द्वारा किया गया।**

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, चित्रकूट के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल कोरी, महामंडलेश्वर संतोषाचार्य महाराज सतुआ बाबा, दीनदयाल शोध संस्थान के प्रधान सचिव निखिल मुंडले, राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अपने निर्धारित समय अनुसार ठीक 12:05 पर मुख्यमंत्री का उड़न खटोला कृषि विज्ञान केन्द्र के हेलीपैड पर उतर गया। पूरे 1 घंटा 30 मिनट मुख्यमंत्री केवीके परिसर के कार्यक्रमों में उपस्थित रहे। गनीवा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परमानंद आश्रम विद्यालय के बच्चों को चॉकलेट बांटी, मुख्यमंत्री ने बच्चों को चॉकलेट वितरित कर उनका मनोबल बढ़ाया। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। उन्होंने बच्चों से संवाद कर उनका हालचाल भी जाना और शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। प्रतिमा अनावरण के उपरांत तुलसी परिसर में ही स्थित परमानन्द आश्रम पद्धति विद्यालय गनीवां में मुख्यमंत्री ने जन सभा को संबोधित किया। शुरुआत में दीनदयाल शोध संस्थान के प्रधान सचिव निखिल मुंडले द्वारा मुख्यमंत्री सहित मंचासीन सभी अतिथियों को तुलसीदास जी का विग्रह भेंटकर अभिनंदन किया गया। अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रद्धेय नाना जी की कर्म स्थली और तुलसीदास जी की जन्मस्थली एवं आदि कवि महर्षि वाल्मीकि लालापुर की पावन धरा को कोटि-कोटि प्रणाम करते हुए आप सबका हृदय से अभिनंदन करता हूं। प्रभु राम ने चित्रकूट वनवास के दौरान ऋषि मुनियों के सानिध्य और उस समय भारत की सामाजिक व्यवस्था के आधार स्तंभ कोल, भील, निषाद जनजातियों के बारे में उल्लेख करते हुए हमारे शास्त्रों ने बहुत ही मनोरथ तरीके से उनका आदर्श प्रस्तुत करने का कार्य किया है। आज पूज्यपाद तुलसीदास जी की जयंती पर नाना जी की कर्म भूमि कृषि विज्ञान केंद्र पर आकर यहां के प्रमुख समाज मूलक प्रकल्पों का अवलोकन करने के साथ गोस्वामी तुलसीदास जी की भव्य प्रतिमा का लोकार्पण करने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ है। मैं इसके लिए दीनदयाल शोध संस्थान के प्रधान सचिव मुंडले जी और अभय महाजन जी का धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। बहिनों भाइयों जब चित्रकूट की चर्चा होती है तो मुझे ध्यान में आता है कि प्रधानमंत्री जी ने मुझसे कहा था सबसे पहले बुंदेलखंड के विकास के लिए कार्य करना है, सबसे पहले हमें जनजाति समाज को सर्व सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य करना है। यह सब करके हमने उनके ऊपर कोई उपकार नहीं किया वह तो प्रभु राम के वनवास काल के दौरान इन जनजाति समाज और उनके पूर्वजों ने जो किया था उसका परिणाम स्वरुप प्रयास है। आज बुंदेलखंड में दलहन, तिलहन, मकई का दायरा बढ़ा है। 2014 के पूर्व मिट्टी के स्वास्थ्य की किसी को जानकारी नहीं थी, पहली बार मोदी जी ने व्यापक पैमाने पर देश भर में सॉइल हेल्थ कार्ड जारी किया, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना शुरू की। इससे सिंचाई का दायरा बढ़ा है, बुंदेलखंड जैसे क्षेत्र में अभी लोग तीन-तीन फसलें लेना शुरू किए हैं। पहले इस क्षेत्र को जोड़ने का कोई मार्ग नहीं था आज बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे बन गया है। रोपवे चित्रकूट में बन गए हैं, कामदगिरि परिक्रमा मार्ग को और बेहतर बनाने का कार्य हो रहा है, मंदाकिनी जी की स्वच्छता को लेकर भी एक बड़े पैमाने पर कार्य शुरू हुआ है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि याद करिए 1990 में जब इस क्षेत्र में नानाजी देशमुख आए थे, नाना जी सबके प्रति व्यवहारिक दृष्टिकोण रखते थे। श्रद्धेय नाना जी ने अपने प्रचारक कार्यकाल की शुरुआत गोरखपुर से ही की थी, नाना जी ने गोरखपुर में शिशु मंदिर के रूप में जो बीज रोपा था आज वह विशाल वट वृक्ष बनकर उसकी शाखाएँ देश भर में स्थापित हो चुकी है। जिन लोगों ने वनवास काल के दौरान राम जी का सहयोग किया था अगर हम उन लोगों के प्रति राग द्वेष रखेंगे तो विकास का मार्ग प्रशस्त नहीं कर पाएंगे। परमानंद आश्रम पद्धति विद्यालय इस बात की ही प्रेरणा देता है। अभी तक यह विद्यालय पांचवी तक संचालित था अब इसे और अच्छी तरह से पूरी व्यवस्थाओं के साथ दसवीं तक संचालित करेंगे।





हिन्दुस्तान
चित्रकूट में सीएम
www.livehindustan.com
हिन्दुस्तान 02
कानपुर, शुक्रवार, 1 अगस्त 2025





कृषि विज्ञान केन्द्र गनीवां में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में बोलते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। इस दौरान मंच पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, सूर्य प्रताप शाही, राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ मन्नू कोरी, कथा वाचक मोरारी बापू समेत कई विशिष्ट जन मौजूद रहे।



कृषि विज्ञान केन्द्र गनीवां में गोस्वामी तुलसीदास की प्रतिमा में पुष्प अर्पित करते मुख्यमंत्री।

### मुख्यमंत्री का कार्यक्रम मिनट-टू मिनट

**10:35 बजे सुबह** सीएम का हेलीकाप्टर वशिष्ठ गुरुकुलम परिसर स्थित में उतरा।

**10:50 बजे** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तुलसी जन्म कुटीर पहुंचे

**11:20 बजे** मुख्यमंत्री तुलसी साहित्य समागम कार्यक्रम के लिए रवाना हुए।

**11:50 बजे** मुख्यमंत्री कृषि विज्ञान केन्द्र गनीवां के लिए रवाना हुए।

**12:05 बजे दोपहर** बजे मुख्यमंत्री का हेलीकाप्टर कृषि विज्ञान केन्द्र गनीवां में उतरा।

**12:15 बजे** मुख्यमंत्री तुलसी प्रतिमा का अनावरण करने पहुंचे।

**12:35 बजे** मुख्यमंत्री कृषि विज्ञान केन्द्र में जनसभा स्थल पहुंचे।

**01:30 बजे** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वापस लखनऊ के लिए रवाना हुए।

■ तुलसी साहित्य समागम के समापन कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री ■ बोले- चित्रकूट की धरा ने महान विभूतियों को जन्म दिया

# अकबर के नहीं, श्रीराम के हुए तुलसी: योगी

**प्रहार**

चित्रकूट/राजापुर, संवाददाता। गोस्वामी तुलसीदास की जन्म जयंती महोत्सव कार्यक्रम में गुरुवार को तुलसी जन्मस्थली राजापुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डिफेंस कॉरिडोर, बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे एवं राम वनगमन मार्ग के निर्माण से जनपद का विकास हो रहा है। चित्रकूट बहुत प्राचीन स्थल है। आज भी चित्रकूट की महिमा देश और दुनिया उसी रूप से देखती है। कहा कि राजापुर का सौभाग्य है कि गोस्वामी तुलसीदास ने यहां जन्म लिया। चित्रकूट की धरा वह है, जिसने तुलसीदास व वाल्मीकि जैसे महान विभूतियों को जन्म दिया।

सीएम ने कहा कि तुलसीदास जी ने एक ऐसे कालखंड में श्रीरामचरितमानस की रचना की, जब मुगल शासक अकबर ने महामंत्री के माध्यम से उन्हें अपने दरबार के नौ रत्नों में शामिल होने का प्रस्ताव भेजा था। तुलसीदास जी ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार करते हुए कहा था कि 'मेरे एक ही बादशाह हैं, परम् परमात्मा राम'। मैं उनके दरबार का सेवक हूं, अन्य किसी दरबार की उपाधि नहीं धारण कर सकता'। इस दौरान मुख्यमंत्री ने तुलसी साहित्य संगोष्ठी में पुरस्कृत विद्वान, कथाकारों का माल्यार्पण कर सम्मान किया। आह्वान किया कि पूरे संत समाज को एक होकर देश और समाज हित में काम करना है। आज के साधु समाज की विचारधाराएं अलग-अलग नीतियों से चल रही हैं, जो एकता का प्रतीक नहीं हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चित्रकूट नानाजी देशमुख की कर्मस्थली व गोस्वामी तुलसीदास की जन्मस्थली है। चित्रकूट में भगवान श्रीराम ने साढ़े ग्यारह वर्ष ऋषि-मुनियों, महर्षियों के आश्रम पर भगवान श्रीराम, लक्ष्मण व माता जानकी के साथ रहे। उस समय के कोल, भील निषाद सभी जनजातियों का उल्लेख शास्त्रों में मनोहर तरीके से वर्णन किया गया है। कहा कि कोल आदिवासियों, जनजातियों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। आदिवासियों को सुविधाएं देकर हमने उनके प्रति उपकार नहीं किया। बल्कि भगवान श्रीराम के प्रति सेवा का भाव उस समय उनके पूर्वजों ने किया था, उसके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर परिवर्तन करने का प्रयास किया है, जिसके अच्छे नतीजे सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि बुन्देलखंड एक्सप्रेस-वे, रामवन गमन मार्ग का निर्माण हो रहा है। भक्ति के प्रति आस्था चित्रकूट में बढ़ी है। लक्ष्मण पहाड़ी में रोपवे लग चुका है।

**किसानों की आमदनी बढ़ी, दलहन-तिलहन का दायरा बढ़ा:** मुख्यमंत्री ने कहा कि चित्रकूट में दलहन, तिलहन, मक्का आदि कृषि क्षेत्र में बढ़ावा मिला है। मृदा स्वास्थ्य परीक्षण का कार्य चलाया गया। वर्ष 2014 के पहले यह कार्य नहीं होता था।





चित्रकूट में गुरुवार को तुलसी साहित्य समागम में बोलते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। इस मौके पर मंच पर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य व जल शक्तिमंत्री स्वतंत्रदेव सिंह समेत विशिष्टजन भी मौजूद रहे।

**15** अगस्त के पहले तक कृषि बीमा अवश्य करा लें किसान

### समस्याओं को लेकर सीएम को ज्ञापन

उद्योग व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष शिवपूजन गुप्ता ने मुख्यमंत्री से मिलकर पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। जिसमें तुलसीधाम राजापुर को रेलवे लाइन से जोड़ने, राजापुर को ब्लाक का दर्जा, राज्य परिवहन निगम का बस अड्डा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को रामनगर से अलग करने व यमुना नदी में हो रहे कटान को रोकने की मांग शामिल है।

### धूमधाम के साथ निकली शोभायात्रा

राजापुर। तुलसी जन्मभूमि में ढोल-नगाड़ों की गूंज व घोड़ों की थिरकन के गोस्वामी तुलसीदास की भव्य शोभा यात्रा गुरुवार की शाम निकली। आयोजक ओम नमः शिवाय गौशाला वंशीवट वृंदावन के संत रामदास महाराज की अगुआई में शोभा यात्रा प्रमुख मार्गों से होकर निकली। यात्रा में विशेष आकर्षण का केंद्र गोस्वामी तुलसीदास, श्रीराम दरबार, हनुमान और अन्य प्रमुख धार्मिक देवी-देवताओं की झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहीं।



चित्रकूट में गुरुवार को कृषि विज्ञान केन्द्र गनीवां में पौधरोपण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

## साहित्यकारों को सीएम ने अवार्ड दे किया सम्मान

राजापुर, चित्रकूट। तुलसी साहित्य समागम में संत मोरारी बापू की ओर से प्रख्यात साहित्यकारों को अवार्ड से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी साहित्यकारों को माल्यार्पण कर अंगवस्त्र भेंटकर अवार्ड प्रदान किए। कहा कि पूरे संत समाज को एक होकर कार्य करने की आवश्यकता है। जिससे देश और समाज का हित हो सके। आज के साधु समाज की विचारधाराएं अलग-अलग नीतियों से चल रही हैं। उन्होंने रत्नावली अवार्ड साध्वी नीलम गायत्री मानसमयी चित्रकूट, तुलसी अवार्ड जयप्रकाश मिश्र मानस संचारीक प्रयागराज, द्वितीय तुलसी अवार्ड डा मदनमोहन मिश्र मानस कोविद वाराणसी, व्यास अवार्ड गोस्वामी डा अच्युतलाल भट्ट वृंदावन, द्वितीय व्यास अवार्ड डा महादेव प्रसाद मेहता वीर सोमनाथ गुजरात, वाल्मीकि अवार्ड अशोकदास महाराज अयोध्या, द्वितीय वाल्मीकि अवार्ड स्वामी बालकृष्णाचार्य महाराज अयोध्या को प्रदान किया।

### श्रीरामचरित मानस हो राष्ट्रीय ग्रंथ: जगद्गुरु

तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने कहा कि श्रीरामचरितमानस को राष्ट्रीय ग्रन्थ घोषित किया जाना चाहिए। इस ग्रंथ में पूरे राष्ट्र का ज्ञान विज्ञान, राजनीति, संधि नीति और विग्रह नीति का समावेश तुलसीदास ने राष्ट्र को समर्पित किया है। ऐसी महान संत की जन्मभूमि का विकास हर संभव होना चाहिए। इसका समर्थन संत मोरारी बापू ने मुख्यमंत्री के समक्ष किया।

**प्रधानमंत्री तक रेलवे लाइन की मांग पहुंचाएंगे:** संत मोरारी बापू ने कहा कि तुलसी जन्मस्थली के भक्तों ने कई अर्जियां रेलवे लाइन बनवाने के लिए दी हैं। वे प्रस्ताव सीएम के सामने रखा है। वीर हनुमान की तरह कर्मयोगी प्रधानमंत्री तक पहुंचाने का काम करें।

### नानाजी ने स्थानीय समस्याओं का समाधान किया

सीएम ने कहा कि वर्ष 1990 में यहां नानाजी आए थे तो उस समय क्या स्थिति थी। उन्होंने स्थानीय समस्याओं को लेकर समाधान का प्रयास किया। प्रचारक के तौर पर नाना जी ने गोरखपुर से शुरुआत की थी और राष्ट्र निर्माण के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया था। उन्होंने देश का पहला दिव्य और भव्य शिशु मंदिर भी गोरखपुर में स्थापित कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चित्रकूट के लोग धन्य हैं जिनको महान विभूतियों का सानिध्य मिला।



कृषि विज्ञान केन्द्र गनीवां में कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग।

### हाईस्कूल तक संचालित होगा विद्यालय

### प्रतिमा अनावरण में डिप्टी सीएम भी रहे

## झलकियां



दिव्यांग विश्वविद्यालय में जगद्गुरु के साथ श्रीरामचरण पीठ का शिलान्यास करते डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक।



तुलसी जन्मकुटीर स्थित गर्भगृह में आरती करते मुख्यमंत्री।



तुलसी मानस मंदिर में हस्तलिखित श्रीराम चरित मानस के अयोध्याकांड का अवलोकन करते मुख्यमंत्री।



वशिष्ट गुरुकुलम परिसर स्थित हेलीपैड से सुरक्षा के बीच निकलते मुख्यमंत्री।



गोस्वामी तुलसीदास की जन्म जयंती पर गाजे-बाजे के साथ निकली शोभा यात्रा।

बाँदा/चित्रकूट संदेश
अखंड भारत संदेश
प्रयागराज, शुक्रवार 1.08.2025 | 07

# गोस्वामी तुलसीदास की तपोभूमि पर सीएम योगी का नमन

## पहली बार किसी मुख्यमंत्री की उपस्थिति में मनाया गया तुलसी जयंती महोत्सव

**चित्रकूट बनेगा आध्यात्मिक टूरिज्म हब यमुना रिवरफ्रंट, लक्ष्मण पहाड़ी रोपवे, पर्यटन विकास की योजनाओं की घोषणा**

अखंड भारत संदेश





**तपस्वी तुलसी को राजनीति नहीं, राम भाए : सीएम योगी**

**सीएम योगी व मोरारी बापू ने किया तुलसी प्रतिमा का अनावरण**

**सीएम ने किया पौधरोपण, बच्चों से संवाद**



कार्यक्रम में मौजूद श्रोतागण

राजापुर में तुलसीदासजी के मंदिर में पूजा करते सीएम योगी

**भावविभोर हुए मुख्यमंत्री**

**ग्रामोदय की परिकल्पना से आत्मनिर्भर भारत**


---

5 चित्रकूट
बाँदा शुक्रवार 01 अगस्त 2025
बुन्देलखण्ड लाइव

# राक्षसो के संहार को श्रीराम ने उठाया धनुष, डिफेंस कारीडोर बनेगा उसीका परिचायक : योगी

**केवीके गनीवां में मानस मर्मज्ञ मोरारी बापू व सीएम ने संत तुलसी की साढ़े छह फिट की प्रतिमा का किया अनावरण**

**परमानंद आश्रम विद्यालय के बच्चों को बांटी चाकलेट, दसवीं तक शिक्षण संचालित करने का दिया भरोसा**







**बाजार रहे बंद, सीएम के स्वागत में लोगों ने बरसाए फूल**


**कृषि की संकटग्रस्त प्रजातियों की लगी प्रदर्शनी**

---

स्वदेश
सतना - नव स्वदेश
1 Aug 2025

# तुलसीदास जी की जीवनगाथा समाज को धर्म और सदाचार का मार्ग दिखाती है- योगी आदित्यनाथ

## चित्रकूट में तुलसीदास की प्रतिमा का किया अनावरण



नव स्वदेश ■ सतना/चित्रकूट

दीनदयाल शोध संस्थान, कृषि विज्ञान केन्द्र गनीवां में गोस्वामी तुलसीदास जी जयंती श्रावण मास शुक्ल पक्ष सप्तमी के अवसर पर तुलसीदास परिसर कृषि विज्ञान केंद्र गनीवां में पूज्यपाद गोस्वामी तुलसीदास जी की प्रतिमा का अनावरण मानस मर्मज्ञ पूज्य संत मोरारी बापू एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ द्वारा किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, चित्रकूट के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल कोरी, महामंडलेश्वर संतोषाचार्य महाराज सतुआ बाबा, दीनदयाल शोध संस्थान के प्रधान सचिव निखिल मुंडले, राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अपने निर्धारित समय अनुसार ठीक 12.05 पर मुख्यमंत्री का उड़न खटोला कृषि विज्ञान केन्द्र के हेलीपैड पर उतर गया। पूरे 1 घंटा 30 मिनट मुख्यमंत्री केवीके परिसर के कार्यक्रमों में उपस्थित रहे।

### रामायण और रामचरितमानस की रचना का आधार है चित्रकूट

चित्रकूट की धरती को सौभाग्य प्राप्त है। यह अनेक ऋषि-मुनियों की साधना भूमि रही है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने अपने वनवास काल का सर्वाधिक समय यहीं बिताया। वाल्मीकि रामायण हो या गोस्वामी तुलसीदास जी की रामचरितमानस, दोनों की रचना का आधार यही चित्रकूट है।

### तुलसीदास की प्रतिमा का अनावरण

मुख्यमंत्री योगी ने महाकवि तुलसीदास जी की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने पौधरोपण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि तुलसीदास जी की जीवनगाथा समाज को धर्म, संस्कृति और सदाचार का मार्ग दिखाती है। उन्होंने तुलसी जन्म कुटीर और मानस मंदिर में पूजा-अर्चना की। तुलसी रिसोर्ट में संत मोरारी बापू की अगुआई में चल रहे कार्यक्रम में हिस्सा लिया। सीएम ने कहा- तुलसीदास ने संवत् 1594 में सनातन धर्म के माध्यम से गुलामी के उस कालखंड में एक नई क्रांति को जन्म दिया था।

---

4 मध्यप्रदेश जनसंदेश
सतना, शुक्रवार 1 अगस्त, 2025
आसपास
Email.mpjsnews@gmail.com

## संत मोरारी बापू एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतिमा का किया अनावरण

# साढ़े छह फीट की जीवंत स्वरूप में तुलसीदास की प्रतिमा स्थापित



चित्रकूट, एमपीजेएस न्यूज।

दीनदयाल शोध संस्थान, कृषि विज्ञान केन्द्र गनीवां में गोस्वामी तुलसीदास जी जयंती श्रावण मास शुक्ल पक्ष सप्तमी के अवसर पर तुलसीदास परिसर कृषि विज्ञान केंद्र गनीवां में पूज्यपाद गोस्वामी तुलसीदास की प्रतिमा का अनावरण मानस मर्मज्ञ पूज्य संत मोरारी बापू एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ द्वारा किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, चित्रकूट के प्रभारी मंत्रि मनोहर लाल कोरी, महामंडलेश्वर संतोषाचार्य महाराज सतुआ बाबा, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

गनीवां में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परमानंद आश्रम विद्यालय के बच्चों को चॉकलेट बांटी, मुख्यमंत्री ने बच्चों को चॉकलेट वितरित कर उनका मनोबल बढ़ाया। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। उन्होंने बच्चों से संवाद कर उनका हालचाल भी जाना और शिक्षा के प्रति प्रेरित किया।

### जनसभा को किया संबोधित

प्रतिमा अनावरण के उपरांत तुलसी परिसर में ही स्थित परमानन्द आश्रम पद्धति विद्यालय गनीवां में मुख्यमंत्री ने जन सभा को संबोधित किया। अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नाना जी की कर्मस्थली और तुलसीदास की जन्मस्थली एवं आदि कवि महर्षि वाल्मीकि लालापुर की पावन धरा को कोटि-कोटि प्रणाम करते हुए आप सबका हृदय से अभिनंदन करता हूं। प्रभु श्रीराम ने चित्रकूट वनवास के दौरान ऋषि मुनियों के सानिध्य और उस समय भारत की सामाजिक व्यवस्था के आधार स्तंभ



कोल, भील, निषाद जनजातियों के बारे में उल्लेख करते हुए हमारे शास्त्रों ने बहुत ही मनोरथ तरीके से उनका आदर्श प्रस्तुत करने का कार्य किया है। आज पूज्यपाद तुलसीदास की जयंती पर नाना की कर्म भूमि कृषि विज्ञान केंद्र पर आकर यहां के प्रमुख समाज मूलक प्रकल्पों का अवलोकन करने के साथ गोस्वामी तुलसीदास जी की भव्य प्रतिमा का लोकार्पण करने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि आज बुंदेलखंड में दलहन, तिलहन, मक्का का दायरा बढ़ा है। 2014 के पूर्व मिट्टी के स्वास्थ्य की किसी को जनकारी नहीं थी, पहली बार मोदी जी ने व्यापक पैमाने पर देश भर में सॉइल हेल्थ कार्ड जारी किया, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना शुरू की। इससे सिंचाई का दायरा बढ़ा है, बुंदेलखंड जैसे क्षेत्र में अभी लोग तीन-तीन फसलें लेना शुरू किए है। पहले इस क्षेत्र को जोड़ने का कोई मार्ग नहीं था आज बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे बन गया है। उन्होंने कहा कि मंदाकिनी की स्वच्छता को लेकर भी एक बड़े पैमाने पर कार्य शुरू हुआ है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

इस अवसर पर संस्कृति विभाग के सहयोग से भजन मंडली द्वारा भजनों एवं तुलसी महिमा व रचनाओं की आकर्षक प्रस्तुति की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के ही अंतर्गत अनुसूचित जाति के बच्चों के लिए संचालित परमानन्द आश्रम पद्धति विद्यालय गनीवां के बच्चों एवं कृष्णा देवी वनवासी बालिका विद्यालय मझगवां की वनवासी बच्चियों द्वारा मनमोहक आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई।

### मानस पाठ की हुई पूर्णाहुति

तुलसी कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर में एक दिन पूर्व ही रामचरित मानस पाठ का शुभारंभ हो चुका था जिसकी पूर्णाहुति भी तुलसी जयंती पर हुई। कार्यक्रम के उपरांत भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के जिलों से पधारे प्रमुख गणमान्यजनों सहित चित्रकूट जनपद के हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।



### नवग्रह वाटिका के वृक्षों का किया गया रोपण

इस दौरान केवीके परिसर में जन आंदोलन एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत मुख्यमंत्री जी द्वारा पीपल, बरगद, पाकर तीनों वृक्षों का रोपण कर हरिशंकरी वाटिका की स्थापना की गई वहीं दूसरी ओर केवीके परिसर में ही नवग्रह वाटिका की स्थापना की गई जिसके अंतर्गत नौ ग्रहों से संबंधित नौ पेड़ सूर्य के लिए मदार, चंद्रमा के लिए पलाश, मंगल के लिए खैर, बुध के लिए अपामार्ग, गुरु के लिए पीपल, शुक्र के लिए गूलर, शनि के लिए शमी, राहु के लिए दूर्वा और केतु के लिए कुश के वृक्षों का रोपण किया गया।

### प्रदर्शन के साथ लगाई गई विशिष्ट प्रदर्शनी

तुलसी कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र मझगवां, गनीवां, कृषि विभाग चित्रकूट द्वारा संकटग्रस्त प्रजातियों के प्रदर्शन के साथ श्री अन्न के मूल्यवर्धित व जैविक कीटनाशकों का प्रदर्शन, मशरूम के मूल्य संवर्धित उत्पाद एवं जन शिक्षण संस्थान चित्रकूट तथा उद्यमिता विद्यापीठ द्वारा आत्मनिर्भर तथा स्वावलम्बी बनाने हेतु संचालित किए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी के साथ साथ प्रशिक्षणार्थियों द्वारा बनाये गए उत्पादों का प्रदर्शन किया गया।



भारतरत्न राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख
जन्मः शरद पूर्णिमा 11 अक्टूबर, 1916
निर्वाणः 27 फरवरी, 2010



पं. दीनदयाल उपाध्याय जी
जन्मः 25 सितम्बर, 1916
निर्वाणः 11 फरवरी, 1968

## कार्यक्रम-

## पूज्यपाद गोस्वामी तुलसीदास जी की प्रतिमा अनावरण
## 31 जुलाई 2025, श्रावण मास शुक्ल पक्ष सप्तमी

## कार्यक्रम स्थल -

## गोस्वामी तुलसीदास परिसर, कृषि विज्ञान केन्द्र,
## परमानन्द आश्रम पद्धति विद्यालय,गनीवा

**मुख्य अतिथि -**

पूज्यसंत मोरारी बापू जी
प्रसिद्ध कथा वाचक

**आमंत्रित -**

मा. योगी आदित्यनाथ जी
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश


## दिशा दर्शन केंद्र
# दीनदयाल शोध संस्थान

www.dri.org.in/email, info@dri.org.in
Facebook: RC Dri Chitrakoot, Instagram: resource_center_dri_01